# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड, रांची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002, Phone- 0651-2481909 (O) / 2480413 (F) email – pccfjhk@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक–19M-2(A)1/2010- 2742 रांची, दिनांक– 20.8.15

प्रेषक,

बी0सी0 निगम,
प्रधान मुख्य वन संरक्षक ।

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखंड।
प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्य0 नि0, बंजर भूमि विकास बोर्ड,झारखंड।
सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखंड / सभी मुख्य वन संरक्षक, झारखंड।
सभी वन संरक्षक, झारखंड / सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, झारखंड ।

विषय : लोक सभा, राज्य सभा एवं विधान सभा से संबंधित प्रश्नों इत्यादि से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में।

महाशय,

प्रायः यह देखने में आया है कि विभिन्न कार्यालयों द्वारा लोक सभा, राज्य सभा एवं विधान सभा से संबंधित प्रश्नों का उत्तर कई बार सीधे सरकार को भेज दिए जाते हैं, जिससे विभाग द्वारा दिये गये प्रतिवेदनो में एकरूपता नहीं रह पाती है।

उपरोक्त संदर्भ में सभी अधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी तरह के प्रतिवेदन भेजने के लिए विभाग के स्तर पर मुख्य वन संरक्षक, सतर्कता, नोडल पदाधिकारी हैं, जो विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त उत्तर सामग्री एवं पूरक सामग्री की विवेचना कर अधोहस्ताक्षरी का अनुमोदन प्राप्त कर उत्तर सामग्री एवं पूरक सामग्री सरकार को भेजते हैं ।

अतः आप सभी को निदेश दिया जाता है कि लोक सभा, राज्य सभा एवं विधान सभा से संबंधित सभी तरह के प्रश्नों या अन्य प्रतिवेदनों की सामग्री अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से मुख्य वन संरक्षक, सतर्कता को ही भेजी जाए । मुख्य वन संरक्षक, सतर्कता का यह दायित्व होगा कि वे प्राप्त सामग्री की विवेचना कर उसे संकलित कर उत्तर प्रारूप एवं पूरक सामग्री का प्रारूप तैयार कर संचिका पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड का अनुमोदन उचित माध्यम से प्राप्त करेंगे, तदोपरांत ही उसे सरकार को भेजेंगे ।

विश्वासभाजन,

20/8/15

(बी0सी0 निगम)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 19 M-2(A) 1/10 – 2742 रांची, दि0– 20.8.15

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 19 M-2(A) 1/10 – 2742 रांची, दि0– 20.8.15

प्रतिलिपि : इन्विस सेंटर, वन भवन, रांची को विभागीय वेबसाईट पर PCCF Instruction में अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक